तापमान
अधिकतम 29.3 डिग्री
न्यूनतम 8.6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर 2025

9 लड़कियों को जिम ट्रेनर बनाने के लिए महिला ...

10 दीपेंद्र ने अधूरे कामों पर उठाए सवाल मेयर के ...





## खबर संक्षेप

### टीएम नवीन कुमार बने रोडवेज के नए जीएम



**रोहतक।** रोडवेज विभाग रोहतक के टीएम (ट्रैफिक मैनेजर) नवीन कुमार को आज जीएम (जनरल मैनेजर) के पद पर पदोन्नत कर दिया गया है। पदोन्नति आदेश जारी होते ही विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई। कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नवीन कुमार वर्षों से रोडवेज सेवा में अपनी दक्षता, अनुशासन और कार्यकुशलता के लिए पहचाने जाते रहे हैं। ट्रैफिक मैनेजर के रूप में उन्होंने बस संचालन को सुचारू बनाने, यात्री सुविधाओं में सुधार करने और कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने में अहम योगदान दिया।

### धान की पराली जलाने पर मामला दर्ज

**सांपला।** पुलिस ने एक किसान द्वारा धान की पराली जलाने पर खंड के गांव अटायल निवासी किसान राम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया गया कि राम सिंह ने धान कटाई के बाद जल्दी खेत खाली करने के लिए पराली में आग लग दी।

### जल्द पेश होगी सुशील कुमार के खिलाफ चार्जशीट

रोहतक। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस गनमैन सुशील कुमार के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के गंभीर मामले में जल्द जांच पूरी करेगी। साथ ही आगामी दिनों में चार्जशीट कोर्ट में पेश की जाएगी। पुलिस के अनुसार, 6 अक्टूबर को एक लोकल वाइन कॉन्ट्रेक्टर की शिकायत पर केस दर्ज की गई थी।

### हमले में घायल युवक ने तोड़ा दम

**सांपला।** कस्बे के वार्ड 11 निवासी अजय ने शुक्रवार की सुबह पीजीआई इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने कस्बे के तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

### काहनी गांव में सपना हत्याकांड की दर्दनाक कहानी, चारों आरोपी गोली लगने से घायल, पीजीआईएमएस में उपचाराधीन

# पंचायत ने गांव में बैन की थी एंट्री, वापस लौटकर मांगी थी सुरक्षा, फिर हो गई हॉरर किलिंग

**बुधवार देर रात भयावह घटना से हर तरफ सनसनी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव काहनी की 23 वर्षीय सपना की हॉरर किलिंग ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सपना और उसका पति सूरज पिछले करीब तीन महीनों से पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे थे। परिवार को अंदेशा था कि उन पर हमला हो सकता है। यहां तक कि उन्होंने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए थे। पर सुरक्षा नहीं मिली और बुधवार देर रात वही भयावह घटना घट गई, जिसका सपना और सूरज महीनों से अंदेशा जताते थे। परिवार का कहना है कि जब से सूरज और सपना वापिस गांव में आए थे, तभी से कई संदिग्ध गांव में उनके बारे में जानकारियां जुटा रहे थे। जिसका ग्रामीण आपस में जिक्र करते थे और उन्हें पूरी आशंका थी कि कोई अनहोनी हो सकती है। लेकिन पुलिस की तरफ से उन्हें सुरक्षा नहीं मिली।

### दिया था गांव निकाला

जब सूरज और सपना ने 2022 में कोर्ट मैरिज की तो गांव में पंचायत बुलाई गई थी। जिसमें दोनों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि अब वह गांव में नहीं रह सकते। शादी के समय प्रशासन की तरफ से सुरक्षा मिली थी। इस चेतावनी के बाद सूरज और सपना रोहतक में आकर किराये पर रहने लगे। उनके साथ साहिल भी रोहतक ही रहने लगे। लेकिन सूरज के पिता की मौत हुई तो वापिस सूरज और सपना गांव में आकर रहने लगे।




रोहतक। जांच करती एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया। पीजीआई घायल।




रोहतक। सपना का शव ले जाते परिजन। फोटो: हरिभूमि

### स्कूल में शुरू हुआ प्यार, गांव की राजनीति और प्रतिष्ठा की हवस में खत्म हुआ रिश्ता

काहनी गांव के सूरज और सपना एक ही स्कूल में पढ़ते थे। दोनों एक ही जाति से थे। स्कूल टाइम में ही दोनों के बीच प्रेम पनपा, जो करीब चार साल तक परिवारों से छिपा रहा। कहानी तब मोड़ी जब परिजनों को दोनों के रिश्ते का पता चला। लड़का–लड़की दोनों की पढ़ाई छुड़वा दी गई और सपना को कड़ी निगरानी में रखा जाने लगा। सूरज के परिवार ने कई बार लड़की के घरवालों से बात करने की कोशिश की, मगर हर बार टकराव ही बढ़ा।

### गुरुवार रात मौत बनकर आया सपना का भाई और उसके साथी

बुधवार रात लगभग 10 बजे घर में रोज की तरह बातचीत चल रही थी। साहिल के जन्मदिन (20 नवंबर) की तैयारी की चर्चा हो रही थी और 22 नवंबर को उनके बेटे देव के जन्मदिन पर भी बात चल रही थी। इसी बीच अचानक सपना का भाई संजू चार अन्य साथियों के साथ घर में घुस आया। सपना कमरे में बेड पर बैठी थी। आरोपियों ने कमरे में प्रवेश करते ही बिना कुछ बोले फायरिंग शुरू कर दी। सपना को 4–5 गोलियां लगीं और वहीं उसकी मौत हो गई। संजू और उसके दो साथी दरवाजे के पास ही खड़े रहे। तभी सपना का देवर साहिल एक डंडा लेकर उसे बचाने के लिए दौड़ा। आरोपियों ने उस पर भी गोली चला दी। साहिल ने डंडा आगे अड़ाया, जिससे गोली उसके पेट को किनारे से छूती हुई लगी। उसने किसी तरह खुद को कमरे में खींचकर अपनी जान बचाई।

### सपना मर्डर केस के चार आरोपी मुठभेड़ में घायल गुरुवार रात लाढ़ौत-बोहर रोड पर हुई कार्रवाई

सपना मर्डर मामले में वांछित चल रहे चार आरोपियों की पुलिस टीम के साथ वीरवार शुक्रवार की रात लाढ़ौत-बोहर रोड पर मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में गोली लगने से चारों आरोपी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार पिस्तौल, 10 जिंदा रौंद, 10 खाली कारतूस और दो मैगजीन बरामद की हैं। एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने पत्रकारों शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के नेतृत्व में जिले में ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान 5 नवंबर से 20 नवम्बर तक चलाया गया। इस अभियान के दौरान हत्या, हत्या के प्रयास, फायरिंग तथा अन्य जघन्य अपराधों में वांछित चल रहे 51 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमे से 22 आरोपी ऐसे हैं जिनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस द्वारा लगभग 8 से 10 अपराधियों की जमानत रद्द कराने की कार्रवाई जारी है, जबकि 3 आरोपियों की संपत्ति अटैच करवाई गई है। पूरे अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग 20 अवैध हथियार और 43 रौंद भी बरामद किए हैं।

### सूरज और साहिल संजू को ताने देते थे: सपना की मां

सपना की मां ने बताया कि उनका बेटा संजू काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले सूरज और साहिल अक्सर संजू को ताने देते थे और उसके साथ अपमानजनक व्यवहार करते थे। अनिता के अनुसार, दोनों युवक उसके बेटे की पारिवारिक परिस्थितियों पर भी टिप्पणी करते थे, जिससे वह आहत रहता था।

### चारों आरोपी पीजीआई में उपचाराधीन

मुठभेड़ में चारों आरोपियों को गोली लगी। पुलिस ने तुरंत उन्हें पीजीआईएमएस में उपचार के लिए भर्ती कराया। आरोपियों की पहचान संजू निवासी काहनी, राहुल उर्फ रापड़िया निवासी काहनी, अंकित उर्फ बाबा निवासी रुखी, जिला सोनीपत, गौरव निवासी रुखी जिला सोनीपत के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने, अवैध हथियारों का प्रयोग करने और अन्य गंभीर धाराओं के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया है।

### सपना के पति को मारने की बना रहे थे साजिश

पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि संजू और उसके साथी सपना के पति सूरज को भी मारने की फिराक में थे और इसी उद्देश्य से वे लाढ़ौत-बोहर रोड क्षेत्र में सक्रिय थे। यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई न करती तो बड़ी वारदात संभव थी।

### संजू ने रंजिश में की बहन की हत्या

एएसपी शशि शेखर ने बताया कि आरोपियों में शामिल संजू ने 20 नवम्बर को अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी बहन सपना तथा उसके देवर साहिल पर गोली चलाई थी। इस फायरिंग में सपना की मौत हो गई थी, जबकि साहिल अब भी पीजीआईएमएस में उपचाराधीन है। पुलिस जांच में सामने आया कि सपना ने लगभग 4 वर्ष पहले अपने गांव के ही सूरज के साथ प्रेम विवाह किया था, जिसे लेकर संजू नाराज था और इसी रंजिश के चलते उसने अपनी बहन की हत्या कर दी। सपना को बचाने के लिए बीच में आए साहिल को भी आरोपियों ने गोली मारी थी।

**सवाल** रोहतक के एक्यूआई में अक्टूबर में 77.1 और नवंबर में 34.6 अंकों की बढ़ोतरी

# पराली जलाने की घटनाओं में इस साल 37 प्रतिशत कमी, तो पॉल्यूशन ने क्यों तोड़े पिछले वर्ष के रिकॉर्ड

**हालात साल दर साल हो रहे हैं बदतर, प्रदूषण की असली वजह वाहनों-उद्योगों द्वारा उगले जा रहे धुएं से मुंह फेरे बैठी सरकार।**

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

सरकार के मुताबिक इस बार पराली जलाने की घटनाओं में अन्य सालों की अपेक्षा 37 प्रतिशत कम हुई है। लेकिन आप ये जानकर हैरत में पड़ सकते हैं कि प्रदूषण में गत वर्ष की अपेक्षा बढ़ोतरी हो गई। रोहतक शहर का अक्टूबर 2025 का प्रतिदिन एवरेज एक्यूआई पीएम 2.5, 209.2 रहा। जबकि अक्टूबर 2024 का औसत एक्यूआई 137.1 दर्ज किया गया था। यानी के प्रदूषण के सूचकांक में 72 अंक की बढ़ोतरी इस साल हो गई। इसी प्रकार नवंबर में आज शुक्रवार 21 तारीख तक एक्यूआई 296 रहा है। जबकि नवंबर 2024 में 261.4 था। इसमें भी 34.6 अंकों की वृद्धि हुई। अब कोई भी ये अनुमान खुद ही लगा ले कि पराली जलाने की घटनाओं में 37 प्रतिशत कमी होने के बाद भी एक्यूआई पिछले साल की बजाय इस वर्ष बढ़ा है तो पॉल्यूशन के लिए किसान नहीं, बल्कि कल-कारखाने और वाहन सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। दिवाली के बाद प्रदूषण बढ़ता है। क्योंकि पटाखों और आतिशबाजी से निकलने वाले हानिकारक कण, जैसे सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और भारी धातुएं हवा में जमा हो जाती हैं। सर्दियों के मौसम में तापमान कम होने और हवा की रफ्तार धीमी होने के कारण ये प्रदूषक ज़मीन के करीब फंस जाते हैं और एक घना धुआं बना लेते हैं। पराली जलाने जैसे अन्य कारक भी इसमें योगदान करते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। लेकिन जितना पराली का योगदान प्रदूषण बढ़ाने में होता है, उससे कई गुणा ज्यादा वाहन और कारखानों का है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पराली जलाने से प्रदूषण में 12-15 प्रतिशत इजाफा होता है। लेकिन सरकार किसानों को पॉल्यूशन को बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदारी मानती है। पराली जलाने पर जेल में डालने का प्रावधान तक किया गया है।



### पॉल्यूशन को लेकर कमोबेश स्थिति एक जैसी

पॉल्यूशन को लेकर कमोबेश स्थिति एक जैसी ही है। हम रोहतक को केवल उदाहरण के तौर पर आपके सामने रख रहे हैं। ताकि आपको प्रदूषण बढ़ाने के लिए कौन जिम्मेदार हैं, इसकी जमीनी जानकारी मिले। भारतीय मानकों के मुताबिक अगर एक्यूआई 0 से 50 तक है तो वह सांस लेने के हिसाब से ठीक है। 51 से 100 तक वायु गुणवत्ता मध्यम, 101 से 150 तक संवेदनशील व्यक्तियों के लिए अस्वस्थ, 151 से 200 तक अस्वस्थ, 201 और 300 तक सही नहीं। 300 से अधिक है तो पूरी खराब है।

### एक्यूआई डाटा पर आप भी नजर डालें

| अक्टूबर | 2025 | अक्टूबर 2024 | नवंबर 2025 | नवंबर 2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1 को | 112 | 90 | 389 | 268 |
| 2 | 176 | 87 | उपलब्ध नहीं | 182 |
| 3 | 82 | 55 | उपलब्ध नहीं | 260 |
| 4 | 26 | 67 | 329 | 266 |
| 5 | 144 | 50 | 244 | 193 |
| 6 | 88 | 49 | 348 | 263 |
| 7 | उपलब्ध नहीं | | उपलब्ध नहीं | 225 |
| 8 | उपलब्ध नहीं | 56 | 374 | 259 |
| 9 | 60 | 57 | 323 | 229 |
| 10 | 205 | 50 | 324 | 209 |
| 11 | 193 | 53 | 342 | 226 |
| 12 | 116 | 75 | 406 | 225 |
| 13 | 59 | 67 | 430 | 303 |
| 14 | 221 | 54 | 307 | 192 |
| 15 | 193 | 74 | 102 | 326 |
| 16 | 214 | 113 | 246 | 339 |
| 17 | 287 | 159 | 237 | 301 |
| 18 | नहीं | 112 | 309 | 304 |
| 19 | 290 | 247 | 353 | 281 |
| 20 | 320 | 225 | 274 | 315 |
| 21 | 376 | 283 | 288 | 321 |
| 22 | 349 | 218 | - | 265 |
| 23 | 299 | 228 | - | 269 |
| 24 | नहीं | 170 | - | 161 |
| 25 | नहीं | 214 | - | 264 |
| 26 | नहीं | 162 | - | 142 |
| 27 | नहीं | 254 | - | 213 |
| 28 | 346 | उपलब्ध नहीं | - | 216 |
| 29 | 268 | 102 | - | 216 |
| 30 | 426 | 133 | - | 198 |

# निगम ने किए 12 चालान, वसूले 13200 रुपये, कूड़े में आग लगाई तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निगम शहर की स्वच्छता, और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेष स्वच्छता निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। निगम की सफाई शाखा की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कचरा फैलाने वालों, डस्टबीन न रखने वालों, बायो-मेडिकल वेस्ट को घरेलू वेस्ट में मिक्स करने और कूड़े में आग लगाने जैसी गतिविधियों की निगरानी एंव नियमों की उलंघना करने वालो पर कार्यवाही के लिए निरीक्षण किया। जिस दौरान निगम की टीम द्वारा कार्यवाही करते 13 चालान 13200 रूपये के किए गए। अभियान के दौरान एक संस्था/व्यक्ति द्वारा बायो-मेडिकल वेस्ट को घरेलू कूड़े के साथ मिलाकर फेंकने का मामला सामने आया। घटना की गंभीरता को देखते हुए निगम की टीम ने 5000 का चालान किया गया तथा चेतावनी दी गई कि भविष्य यदि ऐसा पाया जाता है तो सम्बन्धित के खिलाफ चालान के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी। क्योकि ऐसा करने से संक्रामक बीमारियाँ फैलने की संभावना बढ़ जाती है, सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को खतरा होता है। निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण एंव ग्रेप लगने के कारण कूड़े में आग लगाना पूर्ण प्रतिबंध है ऐसा करने पर निगम की टीम द्वारा चालान किया जाएगा।



### बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी से 10 चोरीशुदा बाइक बरामद, 9 अन्य वारदातों का खुलासा**

**रोहतक।** पुलिस को चोरी की लगातार हो रही मोटरसाइकिल वारदातों पर बड़ी सफलता तब मिली जब थाना लाखनमाजरा पुलिस टीम ने नाकाबंदी करते हुए एक युवक को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया। आरोपी से पूछताछ के दौरान बाइक चोरी की अन्य 9 वारदातों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 10 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया गया है। थाना लाखनमाजरा के प्रभारी निरीक्षक समरजीत सिंह ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि चोरीशुदा मोटरसाइकिल लेकर एक युवक गांव बैंसी की तरफ से लाखनमाजरा की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए लाखनमाजरा रेलवे फ्लाईओवर के पास नाकाबंदी शुरू कर दी और आने-जाने वाले वाहनों की सघन चैकिंग की। इसी दौरान गांव बैंसी की दिशा से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर घबराया। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू किया और पूछताछ की। युवक की पहचान अनिल उर्फ प्रदेशी निवासी भैणी चन्द्रपाल के रूप में हुई। पुलिस ने जब मोटरसाइकिल के दस्तावेज मांगे तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जांच में यह मोटरसाइकिल चोरीशुदा पाई गई, जिसे आरोपी ने करीब एक माह पहले सिविल अस्पताल महम से चोरी किया था।





# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

लाइफ Style



# रकुल
## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।



# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर,



चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं। दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आब्रू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थी। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक
# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका वार्ड बंदी का कार्य पूरा

**सांपला।** नगर पालिका के आगामी चुनाव होने हैं। इसको लेकर प्रशासन ने नए सिरे से वार्ड बंदी का कार्य पूरा कर लिया। इस संबंध में शुक्रवार को सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी। जिसमें कहा गया कि नगरपालिका में 16 वार्ड बनाए गए। अगर किसी भी व्यक्ति को वार्डों की परिसीमन से संबंधित कोई सुझाव व शिकायत है तो वह 7 दिन के अंदर -अंदर लिखित में नगर पालिका कार्यालय में दे सकते हैं।

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि राजेंद्र नगर निवासी कृष्ण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

### हत्या मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव बलियाणा में पिता-बेटे की दोहरी हत्या के मामले में शामिल छठे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश कुमार ने बताया कि 7 नवंबर की को गांव बलियाणा में गोलियां चलने से दो लोगों की मौत हो गई।

### लघु सचिवालय के सभागार में आयोग ने की 11 मामलों की सुनवाई

# लड़कियों को जिम ट्रेनर बनाने के लिए महिला आयोग देगा ट्रेनिंग : रेणु भाटिया

हरियाणा राज्य महिला आयोग ने रोहतक की 15 से 20 लड़कियों को जिम की ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया



**रोहतक।** पार्षदों के साथ मौजूद आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य महिला आयोग ने रोहतक की 15 से 20 लड़कियों को जिम की ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया है। आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया शुक्रवार को महिला पुलिस स्टेशन, वन स्टॉप सेंटर व जिम का निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रही थी। उन्होंने बताया कि महिला आयोग प्रदेश के हर जिला में 2 दिन का प्रवास करके महिलाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा व कार्यक्रमों के बारे में निरीक्षण करता है। इसी श्रृंखला में वे दो दिवसीय दौरे पर रोहतक में आई है। उन्होंने सेक्टर-4 स्थित जिम का औचक निरीक्षण किया और पाया कि जिम में महिला ट्रेनर मौजूद है। उन्होंने कहा कि जिम ट्रेनर से रोहतक की 15 से 20 लड़कियों के नाम मांगे गए हैं, जो जिम ट्रेनर बनना चाहती है। रेणु भाटिया ने कहा कि ऐसी सभी लड़कियों के प्रशिक्षण पर आने वाला खर्च आयोग वहन करेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत इन सभी लड़कियों की प्लेसमेंट रोहतक में आसपास के जिमों में हो जाएगी।

#### महिला पुलिस स्टेशन का किया निरीक्षण

आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने स्थानीय अंबेडकर चौक स्थित महिला पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता महिला के साथ पुलिस स्टेशन में सौहार्दपूर्ण तरीके से समस्याएं सुनी जाए। उन्होंने महिला थाने में लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने के भी निर्देश दिए। थाने में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि 920 केस में से 780 का निपटारा किया जा चुका है और शेष मामलों के निपटान की प्रक्रिया लगातार जारी है। उन्होंने महिला थाने का निरीक्षण करके थाने की तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

#### 11 मामलों में की सुनवाई

आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोग में दर्ज 11 मामलों की सुनवाई भी की। इन मामलों में दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए। उन्होंने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता व जिला पुलिस अधीक्षक, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करके महिलाओं के सशक्तिकरण बारे विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पार्षदों से कहा कि वे अपने-अपने वार्ड में स्थित विद्यालयों का दौरा कर छात्राओं को पोक्सो अधिनियम तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक करें। इस दौरान संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर, आयोग में सहायक अंजू, महिला थाने की एसएचओ मीना आदि मौजूद रहे।

#### पीरियड्स जांच विवाद की दी शिकायत

पीरियड्स जांच विवादः पीड़ित पक्ष ने चेयरमैन को दी शिकायतः
रोहतक। रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में महिला कर्मचारियों से पीरियड्स के सबूत दिखाने के मामले में पीड़ति महिलाएं महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया से मिली और शिकायत दी। महिला आयोग की चेयरपर्सन ने आश्वासन दिया कि इस मामले में उन्होंने एमडीयू से रिपोर्ट ले ली है और कार्रवाई कर रहे हैं।

#### वन स्टॉप सेंटर और जेल का निरीक्षण

रेणु भाटिया ने गांधी कैंप स्थित वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए की काला कोट पहनने वाला हर एक व्यक्ति वकील नहीं हो सकता। इसलिए वन स्टॉप सेंटर में आने वाले हर एक व्यक्ति की अच्छे से जांच पड़ताल की जाए। उसी के उपरांत ही प्रवेश दिया जाए। उन्होंने केंद्र में रह रहे दम्पति से बातचीत की और कहा कि उनके अभिभावकों को बुलाकर बातचीत करवा दी जाएगी। भाटिया ने रोहतक जेल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में बंद महिलाओं से व्यवस्थाओं के बारे में बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि बंदी महिलाओं को किसी न किसी तरह के कौशल का प्रशिक्षण अवश्य दिया जाए ताकि जेल से बाहर आने के बाद कोई ना कोई कार्य करके आजीविका चला सके।



**रोहतक।** छात्रा को सम्मानित करते कला परिषद रोहतक के निदेशक गजेंद्र फौगाट ,महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया महिला थाना प्रभारी मीना देवी।

# कला परिषद कार्यालय पहुंची महिला आयोग की चेयरमेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया शुक्रवार को कला परिषद कार्यालय पहुंचीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी व रोहतक मंडल के निदेशक ने उनका स्वागत किया तथा आगामी गीता जयंती समारोह में महिलाओं की भागीदारी संबंधी विस्तृत रिपोर्ट उन्हें सौंपते हुए तैयारियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रवेश आर्य ने भी रेणु भाटिया से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने हर वर्ष आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्राओं के बालिका सशक्तिकरण शिविर में आने का न्योता दिया। इस मौके पर कला परिषद रोहतक के निदेशक गजेंद्र फौगाट ने बताया कि इस बार कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में ब्रह्मसरोवर के महिला घाटों पर भी विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिला कलाकारों को प्रमुख रूप से मंच प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक प्रोत्साहन और गीता जयंती जैसे आध्यात्मिक आयोजन को नई दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### बोली रेणू भाटिया

मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि हरियाणा सरकार की कला परिषद में महिला और पुरुष कलाकारों के बीच किसी प्रकार का भेद नहीं किया जाता। दोनों समान रूप से सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजित की जा रही गीता जयंती में महिला कलाकारों की भागीदारी पुरुषों से अधिक है, जो कि प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति का मजबूत संकेत है।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान। *फोटो : हरिभूमि*

#### पोस्टर व स्लोगन से दिया नशामुक्ति का संदेश

**रोहतक।** एंटी ड्रग्स अवेयरनेस क्लब के तत्वाधान में पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से ड्रग्स के दुष्प्रभाव और नशे के खिलाफ जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य युवाओं के माध्यम से समाज में नशे के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने किया। प्रदर्शनी में नशे की हानियों, उससे होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव के उपायों को प्रभावी तरीके से दर्शाया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. राजेश दहिया, डॉ. प्रवीण गोयल और डॉ. सुजाता ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बीएमयू में डिजाइनर पोल्ट्री एग्स पुस्तक का लोकार्पण

- भारत में बढ़ रहे यूट्रिशनल सिक्योरिटी और सस्टेनेबल फूड सिस्टम्स पर शोध जरूरी : महंत बालकनाथ योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** डिजाइनर पोल्ट्री एग्स : इनोवेशन, एप्लीकेशंस एंड फ्यूचर आउटलुक" पुस्तक का औपचारिक लोकार्पण करते हुए कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी।

बीएमयू में कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने डिज़ाइनर पोल्ट्री एग्सः इनोवेशन, एप्लीकेशंस एंड फ्यूचर आउटलुक" पुस्तक का औपचारिक लोकार्पण किया गया। इस मौके पर कुलाधिपति के सलाहकार प्रो. एचएल वर्मा, इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी यादव, एकेडमिक अफेयर्स के डीन प्रो. नवीन कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. मुकेश सिंगला और फैकल्टी ऑफ साइंसेज़ के डीन प्रो. मनोज कुमार वरिष्ठ अकादमिक मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी डायरेक्टर डॉ. अरूप गिरी, यूएसडीए वैज्ञानिक डॉ. एंड्रयू मैग्नसन और यागीज़ इंक. के एनिमल न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. साहिल कालिया द्वारा संयुक्त रूप से संपादित यह पुस्तक पोल्ट्री साइंस के उभरते स्वरूप को सामने रखती है। इसमें वैल्यू-एडेड अंडों की अवधारणा को वैज्ञानिक आधार पर समझाते हुए ओमेगा-3 फोर्टिफाइड, कम कोलेस्ट्रॉल और विशेष पोषण लाभ देने वाले अंडों के विकास से जुड़े नवीन शोध शामिल किए गए हैं। पुस्तक में न्यूट्रिशन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हाल के प्रयासों का विश्लेषण किया गया है। इसमें दी गई केस स्टडीज़ बताती हैं कि इन उन्नत तकनीकों को व्यावसायिक पोल्ट्री फार्मिंग में अपनाते समय किस तरह की चुनौतियां और अवसर सामने आते हैं। साथ ही, एथिक्स, सस्टेनेबिलिटी और रेगुलेटरी पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई है, जिससे यह पुस्तक उद्योग और शोध क्षेत्र दोनों के लिए उपयोगी संसाधन बनती है।

#### शोध भविष्य की जरूरत

कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने बताया कि यह पुस्तक आधुनिक पोल्ट्री उद्योग में हो रहे वैज्ञानिक बदलावों को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ है। उन्होंने कहा कि भारत तेज गति से न्यूट्रिशनल सिक्योरिटी और सस्टेनेबल फूड सिस्टम्स की दिशा में आगे बढ़ रहा है, ऐसे में ये शोध भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।

# वैश्य पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**रोहतक।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्या सुषमा सुहाग।

**रोहतक।** वैश्य पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ बड़ी उत्साहपूर्वक किया गया। यह शिविर 21 नवंबर से 27 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा, स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता तथा विभिन्न रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों में सहभागिता का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा सुहाग के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रितु बत्रा, डॉ. नीलम, सरिता मित्तल एवं विजेता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने शपथ ली और अतिथियों ने विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव रखने, जिम्मेदारी निभाने तथा अनुशासन का पालन करने हेतु प्रेरित किया।

# मंडल स्तरीय कला कार्यशाला में विभिन्न लोक कलाओं का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड में चल रही मंडल स्तरीय कला कार्यशाला के दूसरे दिन प्रशिक्षु अध्यापकों को विभिन्न पारंपरिक एवं लोक कलाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में लिप्पन कला जो कच्छ (गुज़रात) की प्रसिद्ध लोक कला है का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षुओं ने दर्पण के टुकड़ों, मिट्टी तथा चमकीले रंगों की सहायता से आकर्षक डिज़ाइन तैयार किए। इसके साथ ही वरली लोक कला, जो महाराष्ट्र की वर्ली जनजाति की पारंपरिक चित्रकला है, का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस शैली में वृत्त, त्रिभुज और वर्ग जैसी सरल ज्यामितीय आकृतियों का उपयोग करते हुए दैनिक जीवन, त्योहारों तथा परंपराओं से जुड़े चित्रों का निर्माण करवाया गया। कार्यशाला में रंगोली निर्माण का भी अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षु अध्यापकों ने मूवेबल रंगोली को कागज एवं हार्डबोर्ड पर तैयार किया तथा विभिन्न रंगों की सहायता से उसे आकर्षक रूप प्रदान किया।

### डाटा साइंस पर विषय पर हुई कार्यशाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पं दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक केन्द्र द्वारा सॉफकॉन इंडिया प्रा. लि., दिल्ली के सहयोग से आज यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ब्लॉक में इंटरनेट ऑफ थिंग्स एंड डाटा साइंस पर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पं दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक केन्द्र के निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यशाला का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को भविष्य उन्मुख तकनीकी दक्षताओं एवं डिजिटल प्रवीणता के महत्व से अवगत करवाया।



#### सीआर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में लीगल एड कैंप का आयोजन, छात्रों में बढ़ाई विधिक जागरूकता

**रोहतक।** सीआर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा जाट शिक्षण संस्था परिसर स्थित छोटूराम पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए लीगल एड कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव जून ने की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए समाज में विधिक जागरूकता की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि कानून की समझ युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाती है। डॉ. यशवेन्द्र राठी के नेतृत्व में विधिक जागरूकता रैली भी निकाली गई। छात्र स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर मेन रोड से होते हुए संस्था तक पहुंचे और लोगों को कानूनी जानकारी के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया।



**रोहतक।** गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के प्रधान को शपथ दिलाते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

#### एमडीयू में गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ, कैबिनेट मंत्री रहे उपस्थित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शपथ ली। समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्यातिथि के नाते शिरकत करते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रशंसा करते हुए कहा कि नई टीम सक्रिय, ऊर्जावान और बेहतर कार्यशैली वाली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर है और कर्मचारी समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर उन्होंने गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की गतिविधियों और कल्याणकारी कार्यों को सशक्त बनाने हेतु 6 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की, जिसकी उपस्थित कर्मचारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहना की। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने नवनिर्वाचित प्रधान और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय की प्रगति का अहम और अटूट पहिया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने सकारात्मक सोच और टीम वर्क के साथ कार्य करने पर जोर दिया। नवनिर्वाचित प्रधान सुरेश कौशिक ने स्वागत भाषण में कर्मचारियों की मांगों और अपेक्षाओं को प्रस्तुत करते हुए उन्हें पूरा करवाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अजय कुमार ने मंच संचालन किया तथा पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत ने आभार व्यक्त किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने प्रधान सुरेश कौशिक, हिमांशु ग्रोवर ने उपप्रधान प्रेम सिंह सजवाण, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने महासचिव विजय पाल, पूर्व विधायक नरेश शर्मा ने सह सचिव राजकुमार रंगा तथा ओलंपियन योगेश्वर दत्त ने कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा को शपथ दिलवाई।

### कार्यक्रम में भाग लेकर बने पुण्य के भागीदार

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर ज्योतिसर में आयोजित होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कुरुक्षेत्र जाने वाली साध संगत के प्रबंधों को लेकर विभिन्न गुरुद्वारों के प्रतिनिधियों से बातचीत करते उपायुक्त सचिन गुप्ता,विधायक भारत भूषण बत्तरा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व मेयर राम अवतार वाल्मीकि।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने साध-संगत से हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वे शहीदी वर्ष पर कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हिस्सा बनने का आह्वान किया है। डीसी शुकवार को लघु सचिवालय के सभागार में रोहतक से कुरुक्षेत्र जाने वाली साध संगत के प्रबंधों को लेकर विभिन्न गुरुद्वारों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर विधायक भारत भूषण बत्तरा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका के अलावा हरियाणा राज्य सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य जत्थेदार करनैल सिंह सहित विभिन्न गुरुद्वारों के प्रतिनिधि मौजूद थे। डीसी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने और उनकी शहादत को नमन करने का हम सबको पवित्र अवसर मिला है। बैठक में विधायक भारत भूषण बत्तरा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के जत्थेदार करनैल सिंह, पूर्व सदस्य हरभजन सिंह राठौर, मार्किट कमेटी के चेयरमैन अशोक चौधरी, महामंत्री नितिन जैन, महंत दिलबाग सिंह,डॉ.जसबीर सिंह के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के एसडीएम उत्सव आनंद, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार, महम के एसडीएम मुकुंद तंवर, जीएम रोडवेज विपिन कुमार शर्मा, सचिव आरटीए वीरेंद्र ढुल व नगराधीश अंकित कुमार मौजूद रहे।

#### शहादत को करें नमन

डीसी ने कहा कि इस पवित्र कार्यक्रम में भाग लेने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसलिए साध-संगत को 25 नवंबर को ज्योतिसर कुरुक्षेत्र पहुंचकर हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को अवश्य नमन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साध-संगत को ले जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बसों का समुचित प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने रोहतक स्थित सभी गुरुद्वारों के प्रबंधकों से आग्रह किया कि वे जिला प्रशासन को बसों की सूची उपलब्ध करवाएं ताकि समयबद्घ तरीके से कुरुक्षेत्र जाने के प्रबंध पूरे किए जा सके।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (101 से 150)**

❖ बिशन चन्द सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ कनिष्क सुपुत्र श्री तरूण कुनार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनिता धर्मपत्नी बिशन चन्द, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ रामचन्द्र गर्ग सुपुत्र श्री ओमप्रकाश गर्ग, पुरानी मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ उदय सिंह सुपुत्र श्री तुलसी राम, म. नं. 477, सैक्टर-1, हुडा, पार्ट 1, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ जगदीश धर्मपत्नी बिमला, बाजद, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ दीपक कुमार सुपुत्र श्री पुरूषोत्तम दास, किला रोड, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ बिल्लू कुमार सुपुत्र श्री किशन लाल, अटेली मण्डी, झण्डा चौक, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यवान यादव सुपुत्र श्री कृष्ण यादव, शंकर कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ रविदत्त शर्मा सुपुत्र श्री रामकुमार शर्मा, सुरजभान, महेन्द्रगढ़ ❖ विरेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री सुमेर सिंह, वार्ड 1, छाजूपुरम कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ प्रतीक सुपुत्र श्री सतीश कुमार, नौताना, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ गौरव सुपुत्र श्री संजय कपूर, वार्ड 1, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ दया किशन सुपुत्र श्री भय राम, गांव खेड़ा, महेन्द्रगढ़ ❖ पिंकी देवी धर्मपत्नी श्री अजित कुमार, गागडवास, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ संदीप पुत्र श्री राजबीर, निवासी गांव कुलासी जिला झज्जर ❖ राजकुमार नागर पुत्र श्री करतार सिंह नागर, निवासी गली नं.5, शंकर गार्डन, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ अनुराधा गोयल पत्नी श्री विनोद कुमार गोयल निवासी 80ए, गली नं. 2, मॉडल टाउन, बहादुरगढ़ ❖ राजकुमार गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह गुप्ता निवासी 393/25, जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ विहान सिंह पुत्र श्री नीरज दलाल निवासी मकान नं.8/832, गली नं.4, दयानंद नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हरबंस लाल खुराना पुत्र श्री लक्ष्मण दास खुराना निवासी 24/776, झील मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ मुख्तयार सिंह पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी गांव सांखौल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ परमजीत पुत्र श्री रोहताष निवासी गांव जाखौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हिमांशी राठी पुत्री श्री कृष्ण कुमार निवासी 18/699, राम नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ रोहतास पुत्र श्री राममेहर निवासी गांव दुल्हेड़ा बहादुरगढ़ जिला झज्जर ❖ जगबीर मुदगल निवासी मोहन नगर बहादुगढ़ जिला झज्जर ❖ श्रीनिवास पुत्र श्री मनफुल सिंह निवासी मकान नं.22, न्यू रिसमी नगर, हिसार ❖ नवीन कुनार पुत्र श्री सुरजभान निवासी गांव मंगली (अकलान), जिला हिसार ❖ अरूण कुमार आहुजा पुत्र श्री कृष्ण लाल आहुजा निवासी 78/18, कमला नगर, हिसार ❖ कनिका पुत्री श्री संदीप कुमार निवासी डी-7, सीसी-5, एचएयू, ओल्ड कैम्पस, गेट नं.2, हिसार ❖ सनवी सैनी पुत्री श्री नन्दराम सैनी निवासी वार्ड नं. 4, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राकेश पुत्र श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ अनीता पत्नी कुलवीर सिंह निवासी सीएचसी लोहारू, जिला भिवानी ❖ रामबीर पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी लेघ्यां हेतवान जिला भिवानी ❖ सुप्रिया वर्मा पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ खुशी पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ दिलबाग सिंह पुत्र श्री चंदगी राम निवासी झोझू खुर्द जिला चरखी दादरी ❖ मा.बलवान सिंह दहिया पुत्र श्री रामू सिंह निवासी मकान नं. 746/11, बैंक कालोनी, भिवानी ❖ श्रीराम सैनी पुत्र श्री बलदेव राम सैनी निवासी मकान नं. 422, डीजी कालोनी, भिवानी ❖ रघुबीर सिंह चोकल पुत्र श्री शिवनारायण सिंह निवासी नजदीक पिपली वाली जोहड़ी, हनुमान गेट, भिवानी ❖ आदित्य सोनी पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी जीतू वाला जोड़कू, विकास हाई स्कूल, भिवानी ❖ डॉ.मामन चंद शर्मा पुत्र श्री पाल्ला राम निवासी बी 12, गिरीराज कालोनी, भिवानी ❖ भावेश पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी सीसीएसएचएयू ओल्ड कैम्पस, हिसार ❖ राजपाल सिंह पुत्र श्री सांवल सिंह निवासी लोहारी जाटू तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी ❖ जरीना पुत्री श्री आमीन गांव मानहेरू जिला भिवानी ❖ बसंत कुमार पुत्र श्री एसपी कालमाड़ी निवासी नजदीक मस्जिद, चरखी दादरी ❖ विभूति सानिया पुत्री श्री शिशुपाल निवासी मेन गली, गांव मानहेरू, जिला भिवानी ❖ मन्जु देवी पत्नी श्री चरण सिंह निवासी जोत राम धाम, ग्राम बादल, जिला चरखी दादरी ❖ अनिल कुमार पुत्र श्री रामफल निवासी नजदीक बालाजी मंदिर, गांव मानहेरू, जिला भिवानी

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं. : 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### एमडीयू का 19वां दीक्षांत समारोह दिसंबर में होगा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का 19वां दीक्षांत समारोह आगामी दिसंबर 2025 में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सटीक तारीख और समय विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर शीघ्र घोषित किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, मई/जून 2025 की परीक्षाओं में फुल कैटेगरी में उत्तीर्ण हुए यूटीडी, एमडीयू और सीपीएएस-गुरुग्राम के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने के पात्र होंगे। इसके साथ ही, 26 दिसंबर 2023 के बाद और 30 सितंबर 2025 से पहले अधिसूचित किए गए शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने के इच्छुक सभी पात्र अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।

### सर छोटू राम जयंती 24 नवंबर को

**सांपला।** किसान मजदूर वर्ग के मसीहा कहे जाने वाले सर छोटू राम की सांपला में 24 नवंबर को बड़े सत्र पर जयंती मनाई जाएगी। इस समारोह को लेकर शुक्रवार समिति के सदस्य संग्रहालय में एकत्रित हुए। समिति के अध्यक्ष रूप सिंह ने बताया कि 24 नवंबर को सर छोटू राम की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समझ में कई प्रदेशों से लोग पहुंचेंगे। बैठक में चंचल नांदल, अखिल जाट सभा प्रधान रामकिशन, पार्षद राजेश व मनोज कुमार, बलेराम, रणबीर सहित कई लोग मौजूद थे।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-2 स्टाफ टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। प्रभारी सीआईए-2 उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही जोगिन्द्र के नेतृत्व में सीआईए-2 की टीम नौनंद मोड़, आईएमटी के पास गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक पर शक होने पर उसे रोका गया। पूछताछ और नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल मिली। युवक की पहचान मनीष उर्फ मुशा निवासी दतोड़ के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना आईएमटी में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### वंदे मातरम के 150 वर्ष होने पर उत्सव मनाया

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, रोहतक में 2 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी रोहतक की कैडेट्स द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रव्यापी उत्सव बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक साथ वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। उत्सव के दौरान देशभक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पलक ने प्रथम स्थान, हेमा ने द्वितीय स्थान तथा स्नेहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कैडेट्स ने जोश और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में गरमाया माहौल

# दीपेंद्र ने अधूरे कामों पर उठाए सवाल मेयर के बीच में बोलने पर हुई बहस

**दीपेंद्र बोले - तत्कालीन सांसद अरविंद शर्मा ने लगाया था अमृत योजना में घोटाले का आरोप, मेयर रामअवतार ने दिया जवाब कि कोई घोटाला नहीं हुआ**



रोहतक। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेते सांसद दीपेन्द्र हुड्डा।

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

जिला विकास भवन में शुक्रवार को सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की अध्यक्षता में जिले की 'जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति' की बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने विकास कार्य समय पर न होने पर दिशा बैठक में गहरी नाराजगी जताई और कहा कि विकास कार्यों को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करें और तय समय में काम पूरे कराएं। कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो।

इस दौरान सांसद ने कहा कि भाजपा के तत्कालीन सांसद अरविंद शर्मा ने आरोप लगाया था कि रोहतक में 250 करोड़ की अमृत योजना में घोटाला हुआ है। इस पर मेयर रामअवतार ने जवाब दिया कि कोई घोटाला नहीं हुआ, अगर हुआ होगा तो सरकार ने जांच करवाई होगी। इस दौरान कांग्रेस विधायक शकुंतला खटक, बलराम दांगी और बीबी बतरा पर भी सांसद के बयान को लेकर भाजपा पर आरोप लगाने लगे। काफी देर तक दोनों पक्षों में बहस जारी रही।

### किसानों को मिलने वाले प्लॉटों का स्टेटस मांगा

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने डीसी से एचएसआईडीसी से किसानों को मिलने वाले प्लॉट का स्टेटस भी मांगा और अगली मीटिंग में इसे प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में रोहतक लोकसभा क्षेत्र के साथ भारी पक्षपात किया जा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मंजूरशुदा परियोजनाओं के संबंध में बरती जा रही ढिलाई को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने की हिदायत दी। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे महम विधानसभा के जलभराव से प्रभावित गांवों में ड्रेन निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भिजवाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न हो। विभाग द्वारा इस संदर्भ में बाढ़ एजेंडा में 28 एजेंडे तैयार कर भिजवाए गए हैं। उन्होंने जल निकासी और मुआवजा बारे भी निर्देश जारी किए। दीपेंद्र सिंह ने महम ड्रेन की बहलबा गांव में एक साइड की बरम को पक्का करवाने बारे भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चांदी टोल प्लाजा पर पांच गांवों को दी गई रियायत की तर्ज पर चिड़ी, घरौठी व नांदल गांव को भी रियायत देने को कहा। उन्होंने मदीना टोल पर भराण गांव को भी इसी तरह रियायत देने की बात कही। उन्होंने उपायुक्त सचिन गुप्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे साधारण परिवार से होने के बाद कठिन मेहनत से इस पद पर पहुंचे है। उन्होंने कहा कि वे आम जनता की समस्याओं का सही समाधान करवाएं।

सांसद दीपेन्द्र ने बताया कि पिछली दिशा मीटिंग विकास कार्यों की समय सीमा तय हुई थी, उसमें से अधिकांश काम अभी भी लटके हुए हैं, ये कतई स्वीकार्य नहीं है। बैठक में सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बिजली, पानी, साफ-सफाई, जलभराव, कानून-व्यवस्था, टूटी सड़कों, सड़कों के चौड़ीकरण से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करने को कहा।

सांसद ने लोगों की शिकायतों को मौके पर ही सुना और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान दीपेन्द्र हुड्डा ने महम रेलवे स्टेशन की सड़क न बन पाने पर हैरानी जताते हुए कहा कि सरकार 11 साल में भी महम रेलवे स्टेशन तक पक्की सड़क ही नहीं बनवा पाई। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि रोहतक-जींद हाईवे पर चिड़ी, जिंदरान, घड़ावठी जैसे बड़े गांवों के लिए एक भी कट नहीं निकाला गया, जबकि गांव वालों के लिए मुख्य आवागमन का यही मार्ग है। इसकी मांग को लेकर गांव के लोग कई बार धरने पर बैठ चुके हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की नाराजगी पर डीसी रोहतक ने एक हफ्ते में सारे कट मिलने का भरोसा दिलाया। लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह ने खरावड़ गोशाला में सांसद कोष से किए जा रहे विकास कार्य की जांच करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसका दोबारा टेंडर करवाकर जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने एमपी फंड की ग्रांटों में से रेंडमली दस कार्यों की भी जांच करवाने को कहा। उन्होंने खरावड़ से चुलियाणा नवनिर्मित सड़क के क्षतिग्रस्त होने पर सांपला के उपमंडलाधीश से इसकी जांच करवाने को कहा।

इस अवसर पर उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, आशीष कुमार एवं मुकुंद तंवर, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगर निगम के विशेष स्वच्छता अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगर निगम के संयुक्त

### किसान हितैषी होने का ड्रामा बंद करे दीपेंद्र हुड्डा : मनीष ग्रोवर



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने रोहतक लोकसभा से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा को घेरते हुए कहा कि बीते दिनों हुई बारिश से हुए जलभराव के दौरान रोहतक लोकसभा के किसानों को नुकसान हुआ था। दीपेंद्र हुड्डा बताएं कि अपने फंड से कितना पैसा किसानों की मदद के लिए दिया है, सांसद को सार्वजनिक करना चाहिए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रोहतक लोकसभा सांसद के लिए कोई भी दौरा राहुल गांधी की तरह पिकनिक के तौर पर होता है। 10 साल कांग्रेस की सत्ता के समय हजारों किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया था, तब दीपेंद्र हुड्डा चुप रहते थे। मेरिट की अनदेखी करके जिस तरह युवाओं की नौकरियों में बंदरबाट होती थी, उस समय भी आंखें बंद हो जाती थी और रोहतक सांसद मुंह पर पट्टी बांध लेते थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और उनके सुपुत्र दीपेंद्र हुड्डा को किसानों के नाम पर ड्रामा बंद कर देना चाहिए। हरियाणा का किसान भूला नहीं है, जब कांग्रेस के समय दो-दो रुपये के मुआवजे के चेक मिलते थे। ग्रोवर ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा बताएं कि कांग्रेस की सरकार के समय दलितों पर हमले व अत्याचार होते थे, तब आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करवाने के लिए आगे नहीं आते थे। इस मौके पर उनके साथ मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी, समाजसेवी पवन आहूजा, नरेश नांदल मौजूद थे।

# बिहार चुनाव के बाद कांग्रेस हाशिये पर पहुंच गई : डॉ. अरविंद शर्मा

- एमडीयू में गैर शिक्षक संघ की कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे मंत्री



पत्रकारों से बातचीत करते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेसी भाजपा और जनता के भरोसे व गठबंधन को पचा नहीं पा रहे हैं। भ्रामक प्रचार से लेकर भाजपा नेताओं के पोस्टरों पर ओछी हरकतों के साथ कांग्रेस अपने मानसिक दिवालिएपन का सबूत दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली के बाद अब बिहार में भाजपा और मतदाताओं ने कांग्रेस को हाशिए पर ला दिया है। डॉ. शर्मा शुक्रवार दोपहर एमडीयू में गैर शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत की। डॉ. शर्मा ने पानीपत व कई स्थानों पर युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के पोस्टरों पर की गई ओछी हरकत को उनकी विकृत मानसिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिहार में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत से सदमे में है और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए छोटी हरकतें कर रही है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों व नीतीश कुमार के सुशासन की जीत हुई है। मतदाताओं ने कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों का जवाब कांग्रेस चोरी करके दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा मुख्यमंत्री के महज मुस्कुराने और काम नहीं करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अगले दस साल नहीं, 100 साल की योजनाओं पर काम कर रहे हैं और निरन्तर विधानसभा चुनावों में किए गए वायदों को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के मुस्कुराने के पीछे संतुष्टि का भाव इसलिए है कि प्रदेश सम्पन्नता की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चाहिए कि वो आत्ममंथन करें कि 2014 के चुनाव में वो क्यों हारे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा को लूटने की सोच और नीयत रखने वाले लोगों को लेकर हरियाणा की जनता जागरूक थी। प्रदेश के मतदाताओं ने कांग्रेसियों को करारी चोट देते हुए मंत्रालयों और कामों को लेकर उनकी योजना को ध्वस्त करने का काम किया।

# ईपीएफओ ने संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), क्षेत्रीय कार्यालय रोहतक की ओर से 20 नवंबर को फुटवियर पार्क एसोसिएशन, बहादुरगढ़ में स्कीम 2025 पर एक संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चमड़ा व फुटवियर उद्योगों, ट्रेड यूनियनों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुक्त-द्वितीय केशव प्रताप सिंह चौधरी और जिला कार्यालय हिसार के सहायक आयुक्त गुरदेव सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अधिकारियों ने पीएम-वीबीआरवाई योजना से जुड़ी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

#### अभियान की खास बात

यह अभियान 1 नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा। इसके तहत पिछले आठ वर्षों में छूटे हुए कर्मचारियों के पीएफ नामांकन की सुविधा दी जा रही है। सभी प्रतिष्ठान—चाहे वे ईपीएफ अधिनियम के तहत पंजीकृत हों या नहीं-ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच नियुक्त कर्मचारियों का विवरण अपलोड कर सकेंगे। जिन कर्मचारियों का पीएफ नहीं काटा गया, उनके कर्मचारी अंशदान को माफ किया गया है।

#### पीएम-वीबीआरवाई की मुख्य बातें

योजना का कुल वित्तीय परिव्यय लगभग 99,446 करोड़ निर्धारित किया गया है।
पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक माह के ईपीएफ वेतन 15,000 तक के बराबर प्रोत्साहन दो किस्तों में दिया जाएगा।
नए रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को दो वर्षों तक प्रति कर्मचारी प्रति माह 3,000 तक प्रोत्साहन मिलेगा।
विनिर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन चार वर्षों तक बढ़ा दिया गया है।
प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी को पात्रता के लिए कम से कम छह महीने तक नौकरी में बनाए रखना अनिवार्य होगा।

## गांव गद्दी खेड़ी मोड़ से एकता पदयात्रा का शुभारंभ, मानसरोवर पार्क में समापन

# राष्ट्रीय एकता में सरदार पटेल का अहम योगदान : मेयर

**मानसरोवर पार्क में बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एकता पदयात्रा और जनसभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना था। एकता पदयात्रा का शुभारंभ गांव गद्दी खेड़ी मोड़ से भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका तथा भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिला उद्योग केंद्र हिसार रोड पर भाजपा की प्रदेश सचिव रेनू डाबला के नेतृत्व में एकता यात्रा का स्वागत किया गया। मेयर राम अवतार वाल्मीकि के नेतृत्व में वाल्मीकि चौक पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। पुराना बस स्टैंड कच्चा बेरी रोड पर भाजपा नेता राजकमल सहगल के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। इसके अलावा भिवानी स्टैंड चौक, शांतमई चौक,



मानसरोवर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करते भाजपा नेता।

छोटू राम पार्क चौक, सिंचाई विश्राम गृह चौक पर यात्रा का फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति नारों के साथ पदयात्रियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर मानसरोवर पार्क में आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि राम अवतार वाल्मीकि ने सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली उनकी सोच को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि स्वतंत्रता के बाद 562 रियासतों का भारत में विलय कर उसे अखंड स्वरूप देने का ऐतिहासिक कार्य सरदार पटेल ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहरावर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिड़ी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधी कैंप, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिटौली के प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, यात्रा के संयोजक राजेंद्र रावत, सह संयोजक राजबीर आर्य, पूर्व विधायक सरिता नारायण, प्रतिभा सुमन, हरिश कौशिक, अशोक वर्मा, अमित बंसल, अंकुश बिड्डू, सुशील, अभिनंदन, मुकेश वशिष्ठ, रामनिवास रोहिल्ला, रेखा रोहिल्ला, खंड शिक्षा अधिकारी जय भगवान, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला, जिला युवा अधिकारी हरप्रीत, प्राचार्य अंजू डबास व प्राचार्या पूनम मलिक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### आईएचएम में सीखी पास्ता बनाने की विधि

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिठाल के एनएसएस के 12वीं कक्षा के 52 छात्रों ने शुक्रवार को होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) में आयोजित पास्ता बनाने की कार्यशाला में भाग लेकर नई पाक कला तकनीकों का ज्ञान प्राप्त किया। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने न केवल पास्ता बनाने की विधियां सीखीं, बल्कि संस्थान की कार्यप्रणाली, वहां संचालित होने वाले पाठ्यक्रम तथा होटल मैनेजमेंट क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं की भी विस्तृत जानकारी हासिल की। व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि इस विशेष पास्ता वर्कशॉप का आयोजन शेफ राजाराम पंडित द्वारा किया गया, जिसमें छात्रों को विभिन्न प्रकार के पास्ता जैसे अरेबिता पास्ता और पेने पास्ता बनाने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से सिखाई गई। साथ ही छात्रों को आईएचएम में प्रवेश प्रक्रिया एवं होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उपलब्ध रोजगार अवसरों के बारे में भी अवगत कराया गया। छात्रों के दल का नेतृत्व एनएसएस इंचार्ज सीमा सैनी कर रही थीं। उन्होंने अन्य शिक्षकों के साथ आईएचएम के प्राचार्य शंभूनाथ गौतम तथा संस्थान के सभी कर्मचारियों का इस उपयोगी और ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

### आईबी स्कूल की इशिका ने जूडो में जीता गोल्ड




**रोहतक।** बड़े सपने देखो, कड़ी मेहनत करो और मजबूती से आगे बढ़ो आईबी स्कूल की उभरती खिलाड़ी इशिका ने इस सूत्र को सच कर दिखाया है। इशिका ने नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपना बल्कि पूरे आईबी स्कूल का नाम रोशन कर दिया है। एलबी स्टेडियम हैदराबाद (तेलंगाना) में 16 से 20 नवंबर 2025 तक आयोजित सब-जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2025-26 में इशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान इशिका ने कठिन परिश्रम, तेज़ फुर्ती, मजबूत तकनीक और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देकर अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। इशिका की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, कोच और अभिभावकों में खुशी की लहर है। विद्यालय प्रबंधन ने इशिका को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है और आईबी स्कूल के खेल उत्कृष्टता के सफर में नई ऊर्जा का संचार करती है।



### कॅरियर निर्माण में मीडिया की भूमिका अहम : मुखर्जी

**रोहतक।** मीडिया की न केवल सामाजिक चेतना जागृति तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है, बल्कि सार्थक कॅरियर निर्माण तथा व्यक्तिगत ब्रांडिंग में भी अहम भूमिका है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बायोटेक्नोलोजी तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने ये विचार व्यक्त किए। सुनित मुखर्जी ने मीडिया की भूमिका तथा मीडिया क्षेत्र के नए रुझान विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। सुनित मुखर्जी ने कहा कि मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया दुधारी तलवार है। जरूरत है कि सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग किया जाए। उन्होंने बताया कि बायोटेक्नोलोजी तथा मीडिया माध्यमों का किस प्रकार समन्वयन हो सकता है। इस व्याख्यान कार्यक्रम का समन्वयन-संयोजन यूआईईटी की प्राध्यापिका डा. मंजीत कौर बधवार ने किया।




### एचडी स्कूल में दी गूगल एप्स की जानकारी

**महम।** एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में कक्षा पांचवी के बच्चों के लिए गूगल एप्स एक्टिविटी आयोजित की गई। इस दौरान उपप्राचार्या इंदु नहरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस मौके पर बच्चों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अपने विचार रखे। साथ ही गूगल एप्स, यूट्यूब प्ले गेम्स, फेसबुक इंस्टाग्राम गूगल मैप इत्यादि के बारे में अपने विचारों की अभिव्यक्ति कर अपने ज्ञान कौशल व बुद्धि क्षमता का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता कंप्यूटर विषय की अध्यापिका खुशबू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में क्रमशः कक्षा पांचवीं (ए ) व पांचवीं ( बी) के विद्यार्थियों ने क्रमशः पहला,दूसरा और तीसरा स्थान अर्जित किया। जिनमें वीरेन, जिया,धानवी, सोनाक्षी, चार्वी, रक्षित, गार्विक,दिव्यम व अनंत विजेता रहे। स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा व स्कूल सचिव संजीव छिल्लर ने कहा कि आज के सूचना प्रौद्योगिकी के युग में इनकी जानकारी होना बहुत जरूरी है।




### सैनी बीएड कॉलेज की छात्राएं शैक्षिक भ्रमण पर गईं

**रोहतक।** सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज की छात्राओं का दल एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत झज्जर के लिए रवाना हुआ, जहां वे हरियाणा के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर राज्य की समृद्ध संस्कृति से परिचित होंगी। छात्र कल्याण कमेटी की सदस्य पूजा सैनी ने बताया कि नए सत्र में बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य उन्हें शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर का प्रत्यक्ष अनुभव कराना है। यात्रा के दौरान छात्राएं झज्जर गुरुकुल एवं संग्रहालय, भिंडावास पक्षी अभ्यारण, माता भीमेश्वरी देवी मंदिर, जहाजगढ़ किला तथा जोयगांव रिजॉर्ट जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा करेंगी। सुबह आठ बजे कॉलेज के महासचिव डॉ. राजेश सैनी ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर कॉलेज मैनेजर श्याम कटारिया भी मौजूद रहे। छात्राओं के साथ सहायक प्रोफेसर डॉ. रेखा रानी, डॉ. सुमन, डॉ. पूजा सैनी एवं डॉ. मीनू सुरक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु साथ रहीं। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं को इतिहास, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।